# लाखों रुपए की शराब के साथ वाहन जब्त

## अवैध शराब के विरुद्ध धरम टेकड़ी पुलिस की कार्रवाई, 3.48 लाख का मशरुका जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता आई.पी.एस. एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी कुंडीपुरा निरी. मनोज बघेल के कुशल मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियो पर सक्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में चौकी प्रभारी धरमटेकडी उप निरीक्षक राजेश साहू के द्वारा चौकी क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाते हुए मुखबिर तंत्र सक्रिय कर टीम गठित कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुये शराब तस्कर एवं विक्रय व परिवहन करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत त्वरित एवं सख्त प्रभावी कार्यवाही की गयी ।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पराग बुनकर पिता मनोज बुनकर उम्र 22 वर्ष एवं शरद कोलारे पिता शिवप्रसाद कोलारे उम्र 32 वर्ष को वनगांव रिंग रोड के पास परासिया रोड में 05 खड्डु के कार्टून/पेटी में अंग्रेजी शराब आफिसर च्वाईस के जिसमें प्रत्येक में 48-48 पाव सीलबंद प्रत्येक में 180 मि.ली. के तथा 02 खड्डु के कार्टून पेटी में देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक में 50-50 पाव सीलबंद प्रत्येक में 180 मि.ली. के कुल 61.200 लीटर शराब कीमती तथा महेन्द्रा कंपनी एक इलेक्ट्रिक आटो क्रमांक एम.पी. 28 जेड.जी. 0299 सफेद रंग के साथ



पकडा गया। आरोपी गणों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर 3,47,800/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया दोनो गिरफ्तार आरोपीगण को न्यायालय पेश किया गया।

विजय पिता सुमरलाल उईके उम्र 35 वर्ष को इंद्रा नगर क्षेत्र में 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर 1000 मूल्य की शराब जप्त की गई।

इसी प्रकार गगन पिता दसरू यादव उम्र 25 वर्ष को सारना क्षेत्र में 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर 1000 मूल्य की शराब जप्त की गई। बता दें कि पुलिस के द्वारा यह अभियान लगातार जारी है इसके पूर्व मोहखेड़ पुलिस ने शराब पकड़ी थी इसके पश्चात नवेगांव में कार्यवाही हुई थी अब धरम टेकड़ी चौकी प्रभारी ने बड़ी कार्यवाही की है जिससे अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कम्प व्याप्त है।

चौकी प्रभारी राजेश साहू, प्र.आर. विनय, आर. सूरज, आर. आलम, पुलिस टीम द्वारा सतर्कता और त्वरित कार्रवाई कर यह सफलता प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा ऐसे अवैध कार्यों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्ती से त्वरित कार्यवाही जारी रहेगी।



## पहलगाम में मारे गए लोगों को नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) जिला शाखा छिंदवाड़ा द्वारा पहलगाम में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि सभा मे नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, सचिव डॉ. अरविंद राउत, डॉ. एच.बी. सुनेजा, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. ए.के. शर्मा, डॉ. अभय बापट, डॉ. उपेंद्र भारद्वाज, डॉ. हरिप्रसाद सतनामी, डॉ. कमलेश सोनारे, डॉ. मयंक कुमार साहू, डॉ. अर्चना साहू, डॉ भाग्यश्री कराडे और अन्य नीमा के सदस्य उपस्थित थे ।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजेश पिता येमचंद्र सनोडिया उम्र 43 साल निवासी पटेल कॉलोनी छिंदवाड़ा को अपनी पत्नी को आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में चंद घंटो में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में चौकी प्रभारी राजेश साहू, प्र.आर. विनय, आर. सूरज, आर. आलम, पुलिस टीम द्वारा सतर्कता और त्वरित कार्रवाई कर यह सफलता प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा ऐसे अवैध कार्यों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्ती से त्वरित कार्यवाही जारी रहेगी।

### सार-समाचार

## नितिन बात्री नेपाल जनता पार्टी के अंतराष्ट्रीय संयोजक नियुक्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नेपाल देश की नेपाल जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ पाठक और राष्ट्रीय महासचिव संगठन इंजीनियर राजीनंद प्रसाद चौधरी द्वारा छिंदवाड़ा जिले के नितिन बात्री को नेपाल जनता पार्टी का अंतर्राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री बात्री की इस उपलब्धि और सफलता से छिंदवाड़ा जिले के साथ ही मध्यप्रदेश और संपूर्ण देश गौरवान्वित हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय संयोजक के रूप में श्री बात्री जहां भारत के साथ ही नेपाल जनता पार्टी के उद्देश्यों व हितों को पूरा करने और सनातन मूल्यों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का कार्य करेंगे, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लोगों के हितों को प्रतिनिधित्व देने व उनके हितों की रक्षा के लिये निरंतर कार्य करेंगे।



उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम रावनवाड़ा में जन्मे श्री बात्री छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 लहगडुआ के निवासी हैं और वर्तमान में दिल्ली में निवासरत हैं। उनके स्व. पिता सुरेश बात्री डब्ल्यू.सी.एल. से सेवानिवृत्त हुये थे और उनका छोटा भाई नितेश बात्री लहगडुआ में ही निवासरत हैं।

ज्ञातव्य है कि नितिन बात्री ने नागपुर से एम.बी.ए. किया है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय दिल्ली की स्वायत्त संस्था सी.डी.सी. द्वारा प्रबंधन परामर्श कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। 15 वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद अमेजन से उनकी पुस्तक द सीक्रेट लेम्प आफ ए 100 बिलियन फार्च्यून् प्रकाशित हुई है जिसकी देश के कई केबिनेट मंत्रियों व बुद्धिजीवियों ने सराहना की है। वे पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के ऑल इंडिया पावर ग्रिड सुपरवाइजर एसोसिएशन के संरक्षक रहे हैं और जूनियर आफिसर्स एसोसिएशन की स्थापना में भी उन्होंने संस्थापक सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये प्रबंधन के साथ क्षेत्रीय बैठकों व अन्य गतिविधियों का संचालन भी सुनिश्चित कराया है। समाज सेवा के क्षेत्र में उन्होंने कई व्यक्तियों का इलाज कराने के साथ ही उनकी समस्याओं को दूर करने में अहम भूमिका निभाई है।

नितिन बात्री ने नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय से भारतीय जनता युवा मोर्चा के स्टडी सर्कल से अपने राजनैतिक कैरियर की शुरुआत की और युवाओं के साथ ष्विकास की राजनीति कार्यक्रम का बेहतर समन्वय किया है। उन्होंने बीजेपी रिटेल में एफ.डी.आई. के खिलाफ और विरोध क्यों है ? विषय पर भी काम किया जिसकी सभी शीर्ष नेताओं ने सराहना की। भाजपा दिल्ली प्रदेश (मजदूर मोचा) के वे पूर्व मीडिया प्रभारी और प्रदेश सचिव भी रहे। संस्कार व संस्कृति की रक्षा और समाज को शक्तिशाली बनाने का कार्य करने वाले संगठन श्री देवालय संघ के वे राष्ट्रीय प्रभारी हैं। अच्छे नेतृत्व गुणों से अपनी जिम्मेदारियों का अनुपालन करते हुये दिल्ली प्रदेश की ओर से जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश प्रवास से लौटने पर स्वागत के दौरान उन्होंने नारा लगाया कि मोदी दुनिया को जीतेंग तो प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उनके हाथ का दो बार स्पर्श करते हुये अभिवादन किया जिससे यह क्षण उनके लिये स्मरणीय बन गया और वे उत्साह से भर उठे।

स्टेच्यू आफ यूनिटी के कार्यक्रम में भी दिल्ली में जब पहली बार स्व. अरुण जेटली के राजनीतिक सचिव के माध्यम से उन्हें एक ऐसी जिम्मेदारी मिली जो किसी अति विश्वसनीय व्यक्ति को ही दी जा सकती है, तो इस जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाकर वे अपनी विश्वशनीयता पर खरे उतरे। श्री बात्री नेपाल भारत विश्व विकास मंच के उपाध्यक्ष के रूप में नेपाल के काठमांडू की यात्रा कर चुके हैं तथा उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व उप प्रधानमंत्री और सर्वदलीय नेताओं से मुलाकात कर नेपाल के लोगों के हितों पर चर्चा की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि और सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

## शातिर बाइक चोर के कब्जे से चोरी की बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार


**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक चोरी के मामले में बाइक चोर विसम्भर उर्फ गुलाब पंवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जु से चोरी की बाइक को जप्त किया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2024 को मानसिहं पिता ददुनिया सिहं गोड़ उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बकही थाना चचाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मोटर सायकल को उसकी रिश्ते दार वेदराम निवासी दुधमनिया अपने घर लेकर गया थाए जिसे अपने घर के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आया तो उसकी मोटर सायकल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया।

## भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, श्रमिक परेशान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इन दिनों छिन्दवाड़ा जिले में तापमान अधिक होने के कारण लपट वाली गर्मी और लू चलने लगी है जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अधिकांश लोग बीमार हो रहे है खासकर मजदूर वर्ग जो ग्रामीण अंचलों, वन अंचलों में काम कर रहा है वह काफी परेशान है। इन्हें पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहा है और जो होता है वह भीषण गर्मी के चलते पानी भी गरम हो जाता है जिससे गर्मी के कारण हलाकान है।

## अचानक हुई बारिश से मौसम हुआ सुहाना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अचानक 27 अप्रैल को शाम 4 बजे से 6 बजे तक छिन्दवाड़ा में बारिश हुई जिससे मौसम सुहाना हुआ।

## सांसद भवन का भ्रमण करेंगी देवगढ़ की छात्राएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से देवगढ़ की 16 छात्राएं पहली बार संसद का भ्रमण करेगी। इनमें से 13 छात्राएं ऐसी है जिन्होंने अभी तक एक बार भी ट्रेन में सफर नहीं किया था। इनमें से सिर्फ 3 छात्राओं ने ही ट्रेन में सफर किया है। रविवार को सांसद श्री साहू ने अपने परासिया रोड स्थित आवास में देवगढ़ की छात्राओं और शिक्षकों से मुलाकात कर उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा के इतिहास में यह पहला मौका है कि किसी सांसद की पहली और प्रयासों से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले विद्यार्थियों को संसद और दिल्ली भ्रमण का मौका मिला है। जिसमें सांसद श्री साहू की ओर से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए दिल्ली तक आने जाने एवं रहने के साथ ही सभी व्यवस्थाएं की गई है। पिछले दिनों छिंदवाड़ा के 6 पत्रकारों सहित तामिया के 14 विद्यार्थियों एवं 2 शिक्षकों ने संसद सहित दिल्ली का भ्रमण किया था। जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया था कि छिंदवाड़ा के इतिहास में यह पहला मौका है कि किसी सांसद की पहल और प्रयासों से विद्यार्थियों और पत्रकारों को संसद सहित दिल्ली भ्रमण का मौका मिला है।



रविवार को दिल्ली रवाना होने के पूर्व देवगढ़ की 16 छात्राओं एवं शिक्षकों ने सांसद बंटी विवेक साहू से उनके निवास स्थान पर मुलाकात करते हुए ग्रामीण अंचल की छात्राओं को संसद और दिल्ली भ्रमण करवाने की व्यवस्था करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने सभी छात्राओं से चर्चा भी की। उन्होंने छात्राओं से संसद में होने वाले कार्य के बारे में पूछा तो छात्राओं ने बताया कि वहां पर सभी सांसद बैठकर विकास कार्यो की योजना बनाते है। वहीं उन्होंने छात्राओं से पूछा कि संविधान का निर्माण किसने किया तो छात्राओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम बताया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने छात्राओं को संसद में होने वाले कार्य की विस्तार से जानकारी दी और उनके सफल यात्रा की कामना की। साथ ही उनके दिल्ली आने जाने और अन्य व्यवस्थाओं से उन्हें अवगत कराया। छात्राओं ने इस यात्रा पर खुशी जाहिर करते हुए सांसद श्री साहू को धन्यवाद दिया।

## सद्‌गुरु रविदास समाज संगठन ने निशान साहिब का 15वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 27 अप्रैल दिन रविवार को गुरु रविदास धाम वार्ड नं 23 खिरकापुरा में निशान साहिब की एवं ग्रंथ साहिब के 15 वा स्थापना दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जिला रविदास समाज के अध्यक्ष श्याम डोले ने बताया कि सर्वप्रथम गुरुजी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अरदास आरती की गई तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं सम्माननीय पदाधिकारीयों द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब की पूजा अर्चना कर निशान साहिब स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे एस पी सेवतिया, कामता प्रसाद अहिरवार, मनोज चौरे, विक्रांत अहिरवार, अशोक बिंझाडेकर, राजकुमार अहिरवार, हरीश बघेल, सुरेश डोले, आकाश अहिरवार, राजेश डोले, नीरज अहिरवार, राजकुमार गोनेकर, बसंत पहाड़े इत्यादि मौजूद थे।




# राजस्थानी गौ सेवा समिति ने 180 गौवंश को कराया भोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल वैशाख सुदी दूज मंगलवार 29 अप्रैल के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल स्वाध्याय प्रेमी दिगंबर जैन मुमुक्षु समाज एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन स्वर्णपुरी सोनगढ़ के संत आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी का 136 वां उपकार दिवस विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।

## उपकार दिवस पर सर्वोदय अहिंसा की सराहनीय पहल, 29 को कार्यक्रम

उपकार दिवस के अवसर पर छिंदवाड़ा में जियो ओर जीने दो के साथ सर्वोदय अहिंसा की पवित्र भावना को लेकर भीषण ग्रीष्म काल की देखते हुए कल रविवार 28 अप्रैल अमावस्या के शुभ दिन राजस्थानी गौ सेवा समिति एवं सर्वोदय अहिंसा की टीम नगर पालिक निगम द्वारा संचालित गौशाला खापाभाट पहुंची ओर वहां निवास कर रहे 180 पशुधन की सेवा कर उन्हें हरी सब्जी, फल, मिष्ठान, गुड खिलाकर जीव दया का परिचय दिया।

इस पवित्र एवं नेक कार्य में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन के साथ अहिंसा प्रेमी राजस्थानी गौ सेवा समिति के



सक्रिय सदस्य महेश राजपुरोहित, कानसिंह राजपुरोहित, निंबाराम देवासी, भगाराम देवासी, रामाराम देवासी, अशोक सुथार, रविंद्र जाट, किशन सिंह राठौड़, लक्ष्मण चौधरी, कृष्ण चौधरी, ललित भाई, संभव बाबू माली, हरीश सुथार, पीराराम देवासी, किशन शर्मा, मनीष संत, डायाराम सुथार, किशन देवासी ने यह पवित्र एवं नेक कार्य कर जीव रक्षा का संकल्प लिया। सभी ने गौशाला के सुंदर संचालन के लिए नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा का आभार व्यक्त किया ओर जीव दया के इस सुंदर कार्य की अनुमोदना करते हुए देश वासियों से ग्रीष्म काल में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की अपील की।

## कल मनाया जाएगा 136वां उपकार दिवस

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि कल वैशाख सुदी दूज मंगलवार को मुमुक्षु मंडल एवं युवा फेडरेशन प्रातः 7 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय गोल गंज में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से गुरुदेवश्री की समर्पित 136 वें उपकार दिवस का शुभारंभ करेगा पश्चात 7.15 से श्री जिनेन्द्र पूजन, 8.30 बजे से स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचन, 9 बजे से बाल ब्रह्मचारिणी ममता दीदी का स्वाध्याय एवं 9.45 से गुरुदेवश्री के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व पर विशेष सभा होगी। रात्रि 8.15 बजे से वीतराग भवन में ब्रह्मचारिणी ममता दीदी के प्रवचन एवं 9 बजे से वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमें सकल जैन समाज से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील मंडल एवं फेडरेशन द्वारा की गई है।

# अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री का आभार मानते हुए अपनी मांगों को दोहराया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा छिन्दवाड़ा लगातार अपने हक, हितों के लिए साथियों के साथ संघर्ष करते आ रहा है जिसका परिणाम है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कुछ सुविधाऐं दी है, घोषणाऐं की है जिसके लिए अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने आभार तो माना है साथ ही लिपिक संवर्गीय विसंगतियों को दूर कर उनकी मांग के अनुरूप करने तथा मंत्रालय स्तर के कर्मचारियों के समान सुविधाऐं वेतनभत्तें देने की मांग भी की है जहां संयुक्त मोर्चा में एक तरफ खुशी है और मुख्यमंत्री को बधाईयां दे रहे है तो वहीं अपने लम्बित मांगो शीघ्र पूर्ण करने की मांग भी याद दिलाई है।




कल 27 अप्रैल को भोपाल में आयोजित राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री श्री यादव ने घोषणा की है कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत तथा 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त स्वीकृत की जाएगी। अब प्रदेश के कर्मचारियों को भारत सरकार के समान कुल 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान किया जाएगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ते की एरियर राशि का भुगतान पांच समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच कर दिया जाएगाए जिससे कर्मचारीगण दिवाली का त्योहार प्रसन्नता से मना सकेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह भी आश्वासन दिया है कि पदोन्नति के आदेश शीघ्र प्रसारित किए जाएंगे।

प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के मकान भाड़ा भत्ता एवं अन्य भत्तों में वृद्धि की घोषणाएं पहले ही की जा चुकी हैं। मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, जिला छिंदवाड़ा की ओर से मैं सतीश गोंडाने एवं संयुक्त मोर्चे की समस्त टीम की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार एवं अभिनंदन व्यक्त करता हूँ। हम सभी कर्मचारीगण इस सौगात से अत्यंत प्रसन्न हैं।

जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने और उनके संघ की तरफसे द्वारा यह भी अपील की गई है कि साथ ही हम मुख्यमंत्री से निवेदन करते हैं कि कर्मचारियों की अन्य महत्वपूर्ण लंबित मांगें भी शीघ्र पूर्ण कर उन्हें वित्तीय लाभ एवं सम्मानजनक वेतन प्रदान करने की बात कही है।

उन्होंने अपनी मांगो के संबंध में आगे कहा कि लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान वेतनमान शीघ्र स्वीकृत किया जाए। शिक्षक साथी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, हड़ताल में बैठे चिकित्सा कर्मचारी साथी, दैनिक वेतन भोगी, कोटवार, हैंडपंप टेक्नीशियन तथा अन्य विभागीय कर्मचारियों की भी लंबित मांगों को शीघ्र समाधान कर न्याय दिलाया जाए।

## संत आसाराम आश्रम की ओर से आम जनता को नि:शुल्क छाछ का हुआ वितरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संत श्री आसाराम जी बापू की पावन प्रेरणा से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों आम रहागीरों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु श्री योग वेदांत सेवा समिति, संत श्री आशारामजी आश्रम खजरी, श्री शक्ति ट्रस्ट के तत्वाधान में देशी गिर गाय के दूध से बनी अमृतमय छाछ का गर्मी के दिनों में प्रत्येक रविवार को दोपहर में मानसरोवर बस स्टैंड पर नि:शुल्क वितरण किया जाता है। इस सेवा में सम्मिलित श्री योग वेदांत सेवा समिति, श्री योग वेदांत महिला समिति एवं सभी साधको का सहयोग रहता है। श्री योग वेदांत सेवा समिति से अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, रामदास भाई, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक भाई, गुरुकुल की संचालिका श्रीमती दर्शना खट्टर, महिला आश्रम की संचालिका साध्वी नीलू बहन, लिंगा आश्रम की संचालिका साध्वी रेखा बहन



## भारतीय संस्कृति ज्ञापन परीक्षा का परिणाम घोषित, पीजी कॉलेज के स्तुति मलिक को प्रदेश में द्वितीय स्थान मिला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा की छिंदवाड़ा की स्तुति मलिक को कॉलेज स्तर पर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता होने के लिए सम्मानित किया गया। विजडम स्कूल छिंदवाड़ा के शिक्षक दिलीप माकड़े को प्रांतीय विशिष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला संयोजक श्रीमती शिखा वर्मा, प्राचार्य पी.जी. कॉलेज प्रो. वाय.के. शर्मा, समिति प्रवक्ता प्रो. अमर सिंह, हिंदी विभाग के प्रो. लक्ष्मीचंद, प्रो. सुशील व्यौहार, प्रो. रामशंकर दियावार, प्रो. टीकमणि पटवारी, प्रो. सीमा सूर्यवंशी, प्रो. रचना लारिया, प्रो. शैलकुमारी, प्रो. पायल बिसेन ने सम्मानित होने वाली छात्रा और शिक्षक को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सार-समाचार

## झिलमिली पुल के समीप भीषण सड़क हादसा, बाइक चालक की मौत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ट्रक की तेज रफ्तार के कारण फिर एक बाइक सवार की मौत हो गई है। रविवार को सिहोरामाल से लौट रहे बाइक चालक की आयशर ट्रक में टकराने से मौके हो गई। दरअसल अनिल पिता स्व. सूरतराम उपकरदे उम्र 40 साल सिहोरामाल से चौरई लौट रहा था एवं वही छिंदवाड़ा की ओर एम.एच.-40-सी.टी.-0979 नंबर का आयशर ट्रक तेज रफ्तार से जा रहा था तभी झिलमिली पुल के समीप मृतक की मोटरसाइकल एवं ट्रक की टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार को जान से हाथ धोना पड़ा।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अनिल उपकरदे चौरई लौट रहे थे एवं एक आयशर ट्रक छिंदवाड़ा की और जा रहा था जिससे टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई एवं थाना चौरई में मर्ग कायम कर आगामी कार्यवाही की जा रही है। अभी ट्रक को थाना में खड़ा कर दिया गया है। मृतक के परिजन उसे छिंदवाड़ा उपचार करवाने लेकर गए जहां उसकी मौत हो गई।

## ग्राम पंचायत गांगीवाड़ा के सरपंच सचिव घर बैठे चला रहे ग्राम पंचायत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा से कुछ ही दूरी पर जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के अंतर्गत परासिया मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत गांगीवाड़ा की सचिव और सरपंच की मिली भगत से ठेकेदार चयनित है उन्हें ही पंचायत के कोई भी निर्माण कार्य या शासकीय योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि 15वां वित्त आयोग का उपयोग ग्राम में खर्च ना करते हुए अपने निजी उपयोग में ज्यादा खर्च किया जा रहा है। शासकीय मद की राशि का दुरूपयोग, ग्राम सरपंच सचिव की मनमाफिक हो रहा है दोनों महिला होने से पुरुष वर्ग अपनी बात रख नहीं पता है और बामुश्किल रखना भी है तो उन्हें डराया धमकाया जाता है। महिला सचिव का निवास सांई मंदिर के पास नोनिया करबल में डबल स्टोरी बिल्डिंग पर है जहां घर पर कोई भी व्यक्ति मिलने नहीं आ सकता अगर आता है तो कमरे में रिकॉर्डिंग की धमकी देकर भगा दिया जाता है, पंचायत में बहुत ही काम जाती है सारा काम लैपटॉप घर पर रखकर ही करती हैं उनके पतिदेव भी बिछुआ ब्लॉक में सचिव के पद पर कार्य थे एक ही लैपटॉप से दोनों ग्राम पंचायत का काम जारी रहता है। पंचायत में सचिव को ढूंढते रह जाओगे की कहानी चरितार्थ होती है।

एड. देवेन्द्र वर्मा ने आगे बताया कि इन्होंने कुछ समाचार पत्र 15 अगस्त 26 जनवरी और ऐसी कोई आर.टी.आई. मांगने वाले को चिन्हित करके रखा है उन्हें ही राशि समय-समय पर दे दी जाती है वहीं लोगों को सब जानकारी होने के बाद आर.टी.आई. भी बंद हो जाती है और उनके बिल भी सैंक्शन हो जाते हैं, ऐसा माजरा सरपंच सचिव द्वारा किया जाता है। क्षेत्र में पानी की समस्या हो तो मोटर बार-बार जलने का बहाना और फिर सुधारने के लिए दिया जाना कोई भी निर्माण कार्य में अपने स्वयं के वहां का उपयोग करना बिल्डिंग मटेरियल का सामान अप्रत्यक्ष रूप से इनका ही रहता है जिसमें मोटी कमिशन ठेकेदार के साथ रहती है आदिवासी वर्ग की महिलाएं होने के कारण झूठे केस में फंसने की धमकी भी इनके द्वारा आम नागरिकों को दी जाती है जिससे इनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं कर पाता है। डैम निर्माण कार्य में शासन से राशि आहरण कर ली गई है और उसका उपयोग डेम बनाने में नहीं किया गया फर्जी रूप शासन को खाना पूर्ति की गई है गलत जानकारी पोर्टल में भारी गई है निर्माण कार्य भी नहीं हुआ है जिसका भौतिक सत्यापन किया जाना नितांत आवश्यक है और ऐसे लोगों पर लगाम कसना चाहिए नहीं तो आम जनता यूं ही परेशान होते रहेगी और शासन की राशि का दुरुपयोग सरपंच सचिव द्वारा किया जाता रहेगात्र पंचायत के कुछ क्षेत्रों में पेयजल समस्या आज भी बनी हुई है स्थानीय नागरिकों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि ऐसे फर्जी वादा करने वालों पर शक्त से ससक्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए और शासन की राशि का दुरुपयोग होने से रोका जाए

## ग्राम सुरलाखापा में बाल विवाह रोकने निकाली जागरुकता रैली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना हर्रई के अंतर्गत परियोजना अधिकारी रत्नेश कुमार वैद्य परियोजना हर्रई के मार्गदर्शन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अक्षय तृतीया पर एक भी बाल विवाह न हो सके, इसके लिये महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व प्रदीपन संस्था के सहयोग से जनपद पंचायत हर्रई के ग्राम सुरलाखापा में गत दिवस जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गये। ग्रामीणजनों को बताया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करना चाहिये तभी विवाह करना चाहिए।

# छह मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में थाना अमरवाडा अंतर्गत कल 27 अप्रैल 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के अमरवाड़ा में अंबेडकर पार्क के पास घुम फिरकर चोरी की मोटर सायकल को बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर संदेहियो को अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ किया गया जिन्होनें पूछताछ पर 06 नग मोटर सायकल क्रमश: थाना बिछुआ, मोहखेड़ एवं थाना लावाघोघरी के अलग-अलग स्थानो से चोरी करना बताये जो आरोपियो की निशादेही में 06 नग मोटर सायकलो को जप्त कर कब्जे पुलिस में लिया गया।



पुलिस के द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अजय पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता द्वारा संपत्ति सबंधी अपराधो व अवैध गतिविधियो में लिप्त लोगो की निरंतर धर-पकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियोंए अपराधों पर अंकुश लगाने तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरवाडा रवीद्र मिश्रा, थाना प्रभारी अमरवाड़ा राजेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदेही नजीम कुरैशी एवं अभिषेक उर्फ लकी विश्वास से सघनता व सूक्ष्मता से पूछताछ करने पर 06 नग मोटर सायकल को थाना बिछुआ, मोहखेड़ एवं लावाघोघरी के विभिन्न क्षेत्रों से चुराकर लाना एवं बेचने के लिये ग्राहक तलाश करना पाए जाने थाना अमरवाड़ा में आरोपियों के विरुद्ध शुमार नम्बर 01/25 धारा 35(ड) भा.ना.सु.स. 303(2) भा.ना.स. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जप्त संपत्ति

हीरो कंपनी की एच.फ. डीलक्स मोटर सायकल जिसकी नंबर प्लेट में एम.पी.-28 एन 16371, हीरो कंपनी की एच फ डीलक्स मोटर सायकल जिसकी नंबर प्लेट में एम.पी. 28 एम.ई. 4370, हीरो कंपनी की एच.एफ .डीलक्स मोटर सायकल जिसकी नंबर प्लेट में एम.पी. 2 8एम.वी.5588 हीरो कंपनी की एच.एफ डीलक्स मोटर सायकल जिसकी नंबर प्लेट मे एम.पी. 28 एन.बी. 8791, एक हीरो कंपनी की स्पेलंडर मोटर सायकल जिसकी नंबर प्लेट में क्र. एम.पी. 28जेड. ए. 2148, एक हीरो कंपनी की स्पेलंडर मोटर सायकल जिसकी नंबर प्लेट में क्र. एम.पी.28एम.एस. 0428 इस प्रकार कुल जप्त संपत्ति कीमती 04 लाख रुपये की मोटर सायकलें जप्त की है।

**गिरफ्तार आरोपी**-नजीम उर्फ जल्लू पठान पिता ऐजाज कुरेशी उम्र 29 साल निवासी ग्राम बिछुआ नया अस्पताल, रोड इंदिरा आवास कालोनी थाना बिछुआ तथा अभिषेक विश्वास उर्फ लकी पिता हरिश विश्वास उम्र 27 साल निवासी ग्राम बाराहीरा थाना अमरवाडा शामिल है।

**पुलिस टीम**-निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे, उप निरीक्षक राघवेंद्र उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक द्वारका प्रसाद पाल, सहायक उप निरीक्षक रजनीश सोनी, प्रधान आरक्षक 531 जयसिंह, प्रधान आरक्षक 806 रामगणेश तिवारी, आरक्षक 557 संजीव, सैनिक 79 देवेद्र सूर्यवंशी की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

पुलिस के द्वारा की गई इस कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव और सांसद विवेक बंटी साहू ने अलग-अलग स्थानों पर सुनी पीएम के मन की बात





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने अनुसूचित जाति समाज के बंधुओं, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे एवं पूर्व लोकसभा विस्तारक अशोक यादव के साथ जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजागरण वाले मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने मन की बात कार्यक्रम के उपरान्त संबोधित करते हुए कहा कि ये हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में कहा क्या नया हो रहा है उसकी बारीकी से जानकारी रखते हैं और उसे मन की बात कार्यक्रम में सभी से साझा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात नहीं है बल्कि ये हर देशवासी के मन की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ये बहुत अच्छे से जानते हैं कि देश के कौन से वर्ग के मन में क्या बात चल रही है और वे मन की बात से उसका समाधान भी कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात जानकारियों का भंडार है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जानकारी दी कि भारत ने थैलेसीमिया और सिकल सेल के इलाज के लिए नेपाल में दवाइयां भेजी। इथोपिया में प्रवासी भारतीयों का समूह दिल की बीमारी से ग्रस्त बच्चों को इलाज के लिए भारत भेज रहे हैं और उनका पूरा खर्च भी उठा रहा है यह राष्ट्रीय गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ने तैयार डिजास्टर मैनेजमेंट का ऐप सचेत की जानकारी दी साथ ही इसके उपयोग की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे हम मौसम विभाग के अलर्ट प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जिला भाजपा कार्यालय में हमारे अनुसूचित जाति वर्ग के बंधुओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को देखकर मन पर प्रसन्न हो गया। उन्होंने कहा कि इतने अच्छे आयोजन के लिए मैं जिलाध्यक्ष शेषराव यादव को धन्यवाद देता हूं।

### पहलगाम हमले से दुखी

### प्रधानमंत्री का मन की बात में छलका दर्द : बंटी विवेक साहू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 121 वे संस्करण को सांसद बंटी विवेक साहू ने शिवपुरी ग्राम के बूथ क्रमांक 48 में राजेंद्र पटेल के निवास पर देखा और सुना। कार्यक्रम के उपरांत सांसद श्री साहू ने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जब मैं आपसे अपने दिल की बात कर रहा हूं, तो मेरे दिल में गहरी पीड़ा है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले ने हर नागरिक को दुखी कर दिया है। हर भारतीय पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है। श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोगों में जो आक्रोश हैए वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

मन की बात के 121 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुआ यह हमला आतंकवाद को संरक्षण देने वालों की हताशा को दर्शाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी। तब देश और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आया। आतंकी और उनके आका चाहते हैं कि कश्मीर एक बार फिर बर्बाद हो जाए। इसलिए इतनी बड़ी साजिश रची गई। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपना संकल्प मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री ने पीड़ित परिवारों को दृढ़ आश्वासन दिया है कि उन्हें न्याय मिलेगा। इस हमले के साजिशकर्ताओं और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

मन की बात कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टीकाराम चंद्रवंशी, परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, बूथ अध्यक्ष हरिराम पटेल, मंडल अध्यक्ष देवी पाल, महामंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, रिजवान कुरैशी, विनोद बंदेवार, गोपाल डेहरिया, भगत धुर्वे, गोपाल भलावी, जय चंद्रवंशी, ब्रज कुमार नागवंशी सहितअन्य वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके पूर्व में मन की बात में छिन्दवाड़ा के महुए से बनी सामग्री का देश के प्रधानमंत्री ने जिक्र किया था जिससे महुए के लड्डू बनाने वाली महिलाओं में खुशी थी।

